तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 25 अप्रैल 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश



## खबर संक्षेप

### मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप मलखंभ का आयोजन कल

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे पामगढ़ के डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल कुटराबोड़ में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप मलखंभ का आयोजन किया जाएगा।

### जांजगीर में वालीबॉल समर कैंप का आयोजन आज से

**जांजगीर-चांपा।** सिटी क्लब जांजगीर के द्वारा वॉलीबॉल का समर कैंप आयोजन स्व. बहादुर लाल राठौर मेमोरियल वॉलीबॉल ग्राउंड(सिटी क्लब) जांजगीर में किया जा रहा है। 25 अप्रैल से आयोजित होने वाले इस समर कैंप में अंडर 14 अंडर 17 अंडर 19 के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, यह समर कैंप निशुल्क रहेगा। खिलाड़ी सिटी क्लब जांजगीर में शाम 5:30 बजे पहुंच कर अपना पंजीयन करा सकते हैं यह समर कैंप 1 महीने तक चलेगी। समर कैंप को आयोजित करने में सिटी क्लब जांजगीर के सदस्य आशीष राठौर, रामविलास राठौर, अनुराग सुकला,विक्की , मोगली , दादू ,प्रदीप ,पिंटू ,नन्हे , मिंटू राठौर ,मिंटू शर्मा, प्रिंस, हिरा महाराज ,भीम श्रीवास , वाशू राठौर ,गोलू राठौर , विक्कू राठौर , प्रत्यूष नेमी, सिद्धार्थ राठौर , संस्कार का विशेष संयोग रहेगा। यह जानकारी सिटी क्लब के सदस्य गोपाल राठौर ने दी।

### टेल एरिया में नहीं पहुंच रहा पानी, किसान चिंतित

**जांजगीर-चांपा।** अपने खून पसीने की मेहनत से गर्मी में भी धान की फसल लगाने वाले नवागढ़ ब्लाक के दर्जनों गांव के किसान सिंचाई की समस्या को लेकर चिंतित है। दरअसल पिछले सप्ताह भर से हसदेव बांगो नहर की धार कम हो गई है। जिसके चलते टेल एरिया में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में यहां सैकड़ों एकड़ में लगी फसल दांव पर है। यदि समय रहते नहर की धार नहीं बढ़ाई गई तो इन्हें भारी नुकसान होगा। इसके बाद से टेल एरिया में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है।

### वोटिंग के दो दिन पहले से ही बंद रहेगी शराब दुकानें

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण के मतदान तिथि मंगलवार 7 मई को जिले में स्थित समस्त मदिरा दुकानों को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से अर्थात 5 मई को सायं 6 बजे से 7 मई तक सम्पूर्ण दिवस के लिए तथा मतगणना तिथि 4 जून मंगलवार को जिले के देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान जांजगीर, देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान नैला, प्रीमियम शॉप जांजगीर, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान खोखरा, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान पिसौद, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान सरखो एवं मद्यभाण्डागार जांजगीर को संपूर्ण दिवस के लिये बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि व शुष्क दिवस घोषित किया है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पहल कर रहा प्रशासन

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस कड़ी में चेबंर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने स्वीप नोडल अधिकारी से चर्चा कर जिले के विभिन्न दुकानदारों और व्यवसायियों से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान उपरांत मतदान की स्याही दिखाने पर खरीददारी में छूट की पहल की है। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए किसी भी व्यापारिक संगठन, दुकानदार, व्यापारिक प्रतिष्ठान को अधिकृत नहीं किया गया है।

---

दीगर प्रांत के ईंट भट्टे में काम करने जाते हैं जिले के मजदूर

# रोजी रोटी के लिए पलायन का नहीं थम रहा सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सरकार की तमाम योजनाओं के बावजूद जिले में पलायन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। रोजी रोटी की तलाश में मजदूरों का दीगर प्रांत में पलायन जारी है। जिले के मजदूर ईंटभट्टे में काम करने दूसरे प्रदेश में जाते हैं। पंचायतों में पलायन पंजी का संधारण नहीं करने से पलायन करने वालों की वास्तविक स्थिति सामने नहीं आ पाती।

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद के लिए सरकार कई योजनाएँ चला रही है। केंद्र और राज्य सरकार ने गरीब तबके के लिए कई योजनाएँ बनाई है। मजदूरों कों गांव में ही रोजगार दिलाने के लिए मनरेगा योजना संचालित है। राशन भी मुफ्त में दिया जा रहा है। वहीं पीएम आवास और सीएम आवास की योजना भी गरीब तबके के लिए चलाई जा रही है। शासन प्रशासन योजनाएं गचलाकर रीबों के लिए आवास, खाने और रोजगार का इंतजाम करने का दावा करती है। लेकिन मैदानी हकीकत कुछ और ही है। जिले से हर साल बड़ी तादात में गरीब तबके के खेतीहर मजदूर पलायन करते हैं। खेती किसानी का काम बंद होने के बाद मजदूर अपने परिवार समेत बाहर जाते हैं।



पलायन करते मजदूर -फाईल फोटो

#### पलायन करने वाले 18 हजार श्रमिकों से किया संपर्क

जांजगीर चाम्पा लोकसभा के लिए 7 मई को चुनाव होना है। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने जिला प्रशासन पलायन हुए श्रमिकों को वापस बुलाने की पहल कर रहा है। इसके लिए ''घर आजा संगी'' कार्यक्रम के तहत अब तक 18 हजार से अधिक पलायन किए गए श्रमिकों से फोन, वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क कर मतदान के लिए जागरूक किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि अभी तक विधानसभा क्षेत्र अकलतरा के 4874, जांजगीर चाम्पा के 4839, पामगढ़ के 4618, सक्ती (आंशिक) के 2121 एवं जैजैपुर (आंशिक) के 2052 पलायन किए गए श्रमिकों से संपर्क किया गया है और बाकी श्रमिकों से भी संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

अधिकांश मजदूर ईंट बनाने का काम करने के लिए पलायन करते हैं। जिले के ज्यादातर मजदूर पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, दिल्ली जाते हैं। पलायन का ये सिलसिला कई दशक से चल रहा है। खेती का काम पूर्ण होने के बाद लेबर सप्लायर इन मजदूरों का पलायन कराते हैं। पंचायतों में पलायन रजिस्टर का भी सही ढंग से संधारण नहीं हो रहा, जिसके कारण पलायन करने वालों की वास्तविक स्थिति सामने नहीं आ पाती। कोरोना काल में अविभाजित जिले में 1 लाख से अधिक मजदूरों को दीगर प्रांतो से वापस लाया गया था। इसके लिए स्पेशल ट्रेन चलवाई गई थी। बाद में स्थिति सामान्य होने के बाद मजदूरों का फिर से पलायन शुरू हो गया। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी तादात में मजदूरों ने परिवार समेत पलायन कर लिया है। मजदूरों के लगातार हो रहे पलायन से सरकार के योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रश्न चिन्ह लगने लगा है।

#### बंधक बनते हैं तो मिलती है जानकारी

मजदूरों कों पलायन कराने क्षेत्र में लेबर सप्लायर सक्रिय रहते हैं। खेती किसानी का काम पूरा होते ही ये लेबर सरदार गांव गांव में घूमकर खेतीहर मजदूरों का पलायन कराते हैं। पलायन से पहले मजदूरों के परिवार को कुछ पैसे दे दिए जाते हैं। लेबर सरदार दूसरे प्रदेश में जाकर मजदूरों कों ठेकेदारों के पास छोड़कर चले आते हैं। दो चार माह के बाद मजदूरों कों वहां मजदूरी नहीं मिलती। कई जगह पर मजदूरो कों बंधक भी बना लिया जाता है। इसके बाद मजदूर और उनके परिजन बंधन मुक्त कराने प्रशासन से गुहार लगाते हैं। मंधन मुक्त कराने की गुहार के बाद प्रशासन को इसकी जानकारी होती है। इसके प्रशासनिक अधिकारी किसी तरह मशक्कत कर मजदूरों को मुक्त कराकर वापस गांव लाते हैं। ऐसे कई मामले हर साल सामने आते हैं। इसके बावजूद मजदूरों का पलायन नहीं थम रहा है।

---

# चुनाव बहिष्कार की चेतावनी पर जागा प्रशासन, मिला आश्वासन

### चुनाव बाद होगा थाना व मस्जिद रोड का पुर्ननिर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के थाना एवं मस्जिद रोड की खस्ताहाल सड़कों के जीर्णोद्वार को लेकर कुंभकर्णीय निंद्रा में लीन प्रशासन का अमला तब जागा, जब मोहल्लेवासियों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी। हरकत में आए अधिकारी मोहल्लेवासियों के पास पहुंचे और आनन फानन में बैठक करके चुनाव के तत्काल बाद उक्त सड़कों को बनाने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि अकलतरा के मस्जिद रोड और थाना रोड की सड़क बदहाल हो चुकी है। जिसके चलते यहां आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है। इस सड़क के जीर्णोद्वार की मांग लगाातार होती रही, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। ऐसी स्थिति में पिछले दिनों यहां के स्थानीय निवासियों ने एक बैठक की और उन्होंने उक्त सड़क का पुर्ननिर्माण की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। नागरिकों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें सड़कों की जर्जर हालत को लेकर हो रही परेशानी और इसके पुर्ननिर्माण की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का उल्लेख किया था। इसकी प्रतिलिपि क्षेत्रीय विधायक, जिले के कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार तथा पुलिस प्रशासन को भेजी गई थी। चुनाव बहिष्कार की चेतावनी मिलने पर प्रशासनिक अमला हरकत में आया। उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर तहसीलदार प्रियंका बंजारा ने पहल की और उन्होंने ज्ञापन देने वाले नागरिकों को बैठक के लिए आमंत्रित किया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार और नगर पालिका के सीएमओ सौरभ तिवारी की उपस्थिति में नागरिकों की बैठक हुई। जिसमें अफसरों ने नागरिकों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए चुनाव के बाद आचार संहिता हटते ही इन दोनों सड़कों का निर्माण कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया। इसको लेकर अफसरों और नागरिकों के बीच आपसी सहमति पत्र तैयार किया गया। जिसमें इन सभी बातों का उल्लेख करते हुए आचार संहिता के बाद कार्य आरंभ कराने की बात कही गई है। साथ ही नागरिकों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि आचार संहिता हटने के बाद यह कार्य शीघ्र प्रारंभ नहीं हो पाता है इस सड़क के जीर्णोद्वार की मांग लगाातार होती रही, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। वे आगे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में तहसीलदार, सीएम ओ के अलावा, अज्जू महराज, पार्षद दारा मिश्रा, रोहित सारथी, विजय खांडेल, कांति मखीजा, सुशील जैन, श्रीनिवास जैन, सुशील जैन, संतोष अग्रवाल, मोहम्मद खान, शिव शर्मा, आयुष शर्मा सहित अन्य नगर वासी उपस्थित थे। इस अवसर पर वार्ड नं 7 के पार्षद मोहम्मद इमरान की भी भूमिका महत्वपूर्ण प्रशंसनीय रही।



अफसरों को ज्ञापन सौंपते नगरवासी।

---

# ईवीएम मशीनों का हुआ प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा लोकसभा में चुनाव लड़ने के लिए विधिमान्य अभ्यर्थियों की संख्या 15 से अधिक हो जाने के चलते अब हर बूथ में दो-दो ईवीएम मशीन लगेगी। इसके लिए जिला पंचायत के सभाकक्ष में ईवीएम मशीनों का बुधवार को प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया गया।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट का प्रथम पूरक रेण्डमाइजेशन किया गया। वर्तमान में जिले के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 3 जांजगीर-चांपा में नाम निर्देशन पत्रों के अभ्यर्थिता वापस लिए जाने के पश्चात कुल विधिमान्य अभ्यर्थियों की संख्या 15 से अधिक हो जाने के फल स्वरुप ईवीएम मशीनों का बुधवार को प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया गया। प्रथम पूरक रेण्डमाईजेशन उपरांत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा में कुल बीयू 1591, सीयू 806 तथा वीवीपैट 872 नग है। इसके साथ ही उपलब्धता के आधार पर विधानसभावार बीयू 20 प्रतिशत, सीयू 20 प्रतिशत तथा वीवीपैट 30 प्रतिशत रिजर्व सहित रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन के बाद राजनैतिक दल के द्वारा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया। राजैनतिक दलों को बताया गया कि रेंडमाइजेशन पश्चात ईव्हीएम मशीनों को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पेण्ड्री भांठा जांजगीर में स्थित स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित किया जाएगा। जहां सभी बीयू मशीनो को विधानसभा वार अलग-अलग किया गया।

### सूर्यांश विवाह महामहोत्सव के तहत गौरव विवाह 10 मई को

**जांजगीर-चांपा।** सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति के द्वारा समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का सूर्यांश कन्या विवाह महामहोत्सव के के तहत सूर्यांश सामूहिक आदर्श गौरव विवाह छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय त्यौहार अक्षय तृतीया (अक्ती) के दिन 10 मई शुक्रवार को आयोजित किया गया है जिसमें विवाह योग्य युवक युवतियों के माता-पिता निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन कर पंजीयन करा सकते हैं जो पूर्णतः निःशुल्क है। सामूहिक विवाह में पंजीयन करने की अंतिम तिथि 5 मई निश्चित किया गया है विगत वर्ष 2023 में सूर्यांश कन्या विवाह महामहोत्सव के अंतर्गत 26 परिवारों के 13 जोड़े वर वधूओं का विवाह संपन्न कराया था। सामूहिक विवाह में पंजीयन करने की अंतिम तिथि 5 मई निश्चित किया गया है अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर आदर्श सामूहिक गौरव विवाह का आयोजन किया गया है जिसमें 202 परिवारों के वर वधुओं अर्थात 101 जोड़े वर वधुओं को परिणय सूत्र में बंधने का लक्ष्य निर्धारित है। सामूहिक विवाह के अलावा युवक युवती परिचय सम्मेलन, युवा शैक्षणिक विचार महासभा, युवा दिव्यांगजन महासम्मेलन, विधवा-विधुर पुनर्वास चिंतन शिविर एवं अति वरिष्ठजन व बुजुर्ग भेंट सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है।

### फसल की हरियाली...



**जांजगीर-चांपा।** ग्रीष्मकालीन धान फसल की हरियाली इन दिनों खेतों में छा गई है। फोटो : हरिभूमि

### हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय के संबंध में गाइडलाइन जारी

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया ने बताया कि हिट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है, जब वातावरण का तापमान 40°C या 104°F से ज्यादा हो तो हीट वेव (लू) की स्थिति उत्पन्न होती है, इसका असर बच्चों, बुजुर्गों एवं गंभीर लक्षण बीमारी वाले लोगों में सर्वाधिक होता है। इसमें सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना।

# चिप युक्त आरसी नहीं देना सब डीलर को पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूटी खरीदने पर चिप युक्त आरसी नहीं देना सब डीलर को महंगा पड़ गया। अब सब डीलर को चिप युक्त आरसी बनाकर देने के साथ ही मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 15 हजार रुपए देने का आदेश जिला उपभोक्ता आयोग ने दिया है।

शिकायतकर्ता मुरारी लाल पटेल निवासी ग्राम शनिचराडीह ने सब डीलर एजेंसी शुभ होंडा बलौदा से वाहन एक्टिवा 3 जी क्र. सीजी 11 ए के 2694 अपने पुराने वाहन को एक्सचेंज कर खरीदा। सब डीलर ने गाड़ी की आर सी बुक व अन्य कागजात कुछ दिनों के बाद ले जाने को कहा। कुछ दिनों बाद उपभोक्ता जब सब डीलर एजेंसी वाले के पास गया तब उसने जो कागजात दिये उसमें उसका नाम पता गलत लिखा हुआ था। तब सब डीलर व एजेंसी वाले ने कहा कि कुछ दिनों के बाद अपना सही नाम व पता वाला कागजात ले लेना, लेकिन उपभोक्ता शिकायतकर्ता को चिप वाली आर सी नहीं दी गई । शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष शुभ होंडा बलौदा तथा गट्टानी एजेंसी जांजगीर के विरुद्ध शिकायत प्रस्तुत किया । जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू , सदस्य विशाल तिवारी, सदस्य महिमा सिंह ने दोनों चिप वाली आर सी बुक न दे कर सेवा में कमी का मामला पाया। उपभोक्ता को वाहन का चिप वाला आर सी बनाकर देने तथा मानसिक संताप का 10 हजार रुपए व वाद व्यय का 5 हजार आदेश की तिथि से 45 दिनों के भीतर देने का आदेश उपभोक्ता आयोग ने पारित किया।

---

सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम व वीवीपैट व बैलेट यूनिट मशीन के बारे में दी जानकारी

# लोकसभा चुनाव को लेकर पीठासीन व मतदान दल को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रशिक्षण 23 एवं 24 अप्रैल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में तक जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर एवं डाइट जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर, सशिमं नैला जांजगीर एवं शासकीय कन्या उमावि जांजगीर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक-01, जांजगीर में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को संचालित कराया गया। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों को प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केन्द्र से संबंधित आवश्यक तैयारी, मॉक पोल, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित निर्वाचन संबंधी जानकारियों का बारीकी से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके साथ ही अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने मतदान दल प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं सभी प्रशिक्षण केन्द्रो में शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई।



प्रशिक्षण का अवलोकन करते अधिकारी।

# विश्व मलेरिया दिवस आज, लक्षण दिखने पर तुरंत कराएं जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की इस साल की थीम ''अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना'' है। इस अवसर पर मलेरिया के प्रति जागरूकता लाने पर जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में वर्ष 2000 में 5,303 और वर्ष 2023 में 16 केस पाए गए थे। इस प्रकार जिले में मलेरिया के केसेस काफी हद तक कम हुए हैं। मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। ठंड के साथ कपकपी आना, तेज बुखार, पसीना आना, सिर दर्द, बदन दर्द, उल्टी, दस्त, खांसी और झटके मलेरिया के लक्षण है। लक्षण दिखने पर तुरन्त मितानिन, स्वा. कार्यकर्ता से रक्तपट्टी व आर.डी.कीट से मलेरिया की जांच करायें। मलेरिया की जांच एवं दवाईयां सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है उनसे संपर्क कर सकतें हैं। घर के आस-पास कही भी पानी जमा न होने दे। छत पर रखी पानी की टंकीयों को साफ तथा डंक कर रखें। कूलर तथा पानी के बडे बर्तनो को सप्ताह मे एक बार सुखाने के बाद ही उपयोग में लावें। कुॅए, तालाब आदि मे लार्वा भक्षी गम्बूजिया मछलियों को डालें। सोते समय किटनाशक से उपचारित मच्छरदानी का उपयोग करें।

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन के तहत आमजनों की शिकायतों के समाधान हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना कर 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर 07759-221096 है। यहां सी-विजिल ऐप, एनजीपीएस, सीपीएस, ऑफलाइन और टेलीफोन के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

### घंटाघर चौक में की गई प्याऊ की स्थापना




**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच कोरबा शाखा द्वारा निहारिका घंटाघर चौक में सोमवार को अस्थाई प्याऊ की स्थापना की गई, जो कि प्रतिवर्ष नगर पालिक निगम द्वारा संचालित किया जाया करता था, परंतु इस वर्ष किसी कारण स्थापित न हो सका जिससे भरी गर्मी में पेयजल की सुविधा से लोग वंचित हो रहे थे, तो मारवाड़ी युवा मंच मंच कोरबा द्वारा प्याऊ लगाने की जिम्मेदारी उठाई और एक अस्थाई प्याऊ की स्थापना सभी मंच के साथियों के सहयोग से करा दिया गया, जिससे अब वहाँ के राहगीरों को शीतल पेयजल प्राप्त हो सकेगा। इस कार्यक्रम में कोरबा शाखा के सभी पदाधिकारी व युवा साथियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। साथ ही मारवाड़ी युवा मंच शाखा कोरबा के अध्यक्ष विकास मित्तल ने बताया कि ऐसे ही शहर के अन्य स्थानों में भी जहां जैसी आवश्यकता होगी हमारे शाखा द्वारा अस्थाई प्याऊ लगाया जाएगा जो भरी गर्मी में राहगीरों को शीतल पेयजल प्रदान करेगा। कोरबा शाखा द्वारा पूर्व से ही अमृत धारा योजना के तहत 100 से अधिक मटकों के जोड़े शहर के प्रतिष्ठानों में संचालित कराया जाता है जो कि मारवाड़ी युवा मंच की अभूतपूर्व पहल सालों से चली आ रही है और प्रति वर्ष इसमें हम 20-30 मटके के जोड़े और लगाए जाते है और उन्हें अच्छे से संचालित पूरी गर्मी भर किया जाता है और आगे भी किया जाता रहेगा।

### संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक, ओटी देने के मुद्दे पर चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रबंधन के द्वारा संयुक्त सलाहकार की बैठक बुलाई गई। जिसमें 150 टन डंपर वाले कामगारों को ओटी देने के मुद्दों पर चर्चा की गई । लेकिन इस मुद्दे पर कोई निर्णय नही हो सका ज्ञातव्य है कि गेवरा में 240 टन डंपर वाले कामगारों को ओटी मिलता है। जबकि 150 टन डंपर वाले कामगार ओटी से वंचित है इस मामले पर एसईकेएमसी के प्रतिनिधि मंडल ने प्रॉजेक्ट के अधिकारियों से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा था। बाद में इस मुद्दो को गेवरा एरिया को भेज दिया गया। इस मुद्दो पर संयुक्त सलाहकार समिति में चर्चा हुई। लेकिन कोई नतीजा सामने नही आया इसके अलावा कालोनी में उड़ रहे धूल के मुद्दे पर भी चर्चा हुई जिसमें पानी छिड़काव करने पर विचार विमर्श किया गया। गेवरा वासी उड़ रही धूल से काफी परेशान है।

### आम नागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरबा हेतु सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा (आईएएस)से आमनागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 7647045883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है। इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दो विधानसभा (भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़), जिला कोरिया के 1 विधानसभा (बैकुण्ठपुर) एवं जिला गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही के 01 विधानसभा (मरवाही) हेतु सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस) को नियुक्त किया गया है।

### न्यू शारदा विहार इलाके में मूलभूत सुविधाओं की कमी

कोरबा। नगर निगम कोरबा अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 12 में शामिल न्यू शारदा विहार इलाके में मूलभूत सुविधाओं की प्रतिक्षा नागरिक कर रहे हैं। अरसे से यहां समस्या बनी हुई है। नागरिकों का कहना है कि अब तक उन्हें केवल आश्वासन ही हासिल हो सके हैं। न्यू शारदा विहार के बड़े हिस्से में सबसे बड़ी समस्या कच्ची नालियों की वजह से है। आसापास के आवासीय क्षेत्रों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी नहीं हो रही है। जहां-तहां जल जमाव के हालात बने हुए हैं। ऐसे में आवाजाही करना मुश्किल हो रहा है। लोगों को सुविधा लेने के लिए काफी लंबे चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

## कुदमुरा वन परिक्षेत्र में डाले हुए हैं डेरा

# कोरबा के जंगल में फिर पहुंचे 39 हाथी, वन विभाग ने किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धरमजयगढ़ वनमंडल से विचरण करते हुए हाथियों का अलग-अलग झुण्ड कोरबा वनमंडल के कुदमुरा में धमक है जिससे वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोगों के मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाथियों के लगातार विचरण से वन विभाग में हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर अलर्ट जारी किया है और लोगों को जंगल ना जाने की सलाह दी है।

उल्लेखनीय है कि लंबे समय से कोरबा वनमंडल में हाथियों का झुंड आना जाना ही कर रहे हैं। बताया जाता है कि पड़ोसी जिले रायगढ़ के धरमजयगढ़ वनमंडल में 39 हाथियों का झुंड बीती रात को कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज तक पहुंच गया है। बताया जाता है कि यह हाथी अलग-अलग झुंड में विभक्त हो गए हैं। जिससे वन विभाग की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कोरबा वनमंडल अधिकारी अरविंद पीएम के निर्देश पर एसडीओ एसके सोनी व उनकी टीम हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार दौरा कर रहे हैं और लोगों को सजग और सावधान करने में लगे हुए हैं। एसडीओ श्री सोनी ने बताया कि कुदमुरा रेंज में 2 हाथी विचरण कर रहे थे। 7 हाथी धरमजयगढ़ वनमंडल से आकर गितकुवारी परिसर में विचरण कर रहे हैं तथा 30 हाथी हाटी परिसर से आकर कुदमुरा परिसर में विचरण कर रहे। इस प्रकार कोरबा वनमंडल में कुल 39 हाथी विचरण कर रहे हैं।


कुदमुरा के जंगल में विचरण करते हाथी।

### कटघोरा में भी उत्पात मचा रहे हैं हाथी

कटघोरा वनमंडल में पिछले कई महीनों से हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहे हैं। हाथियों का झुंड एतमानगर व पसान के जंगल में ही डेरा डाले हुए हैं और लगातार क्षेत्र में विचरण कर उत्पात मचा रहे हैं। हालांकि वन विभाग की टीम इस उत्पात को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रही है लेकिन विभाग को सफलता नहीं मिल पा रही है। पिछले कई दिनों से हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं और लगातार शाम को सड़क को पार करते ही नजर आ रहे हैं। हालांकि वन विभाग की टीम लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए लगातार डेरा डाले हाथियों की निगरानी कर उन्हें सावधानीपूर्वक एनएच को पार कर रही है।

# सुबह छाई रही बदली, फिर बारिश के बाद तेज धूप ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मौसम के बार-बार बदलते तेवर की वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार की सुबह बदली के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था। जिससे मौसम खुशनुमा हो गया था लेकिन दोपहर होते ही तपती धूप की गर्मी से लोग पूरे दिन भर हलाकान रहे।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है और इसी कड़ी में मंगलवार की सुबह एक बार फिर से बदली छाई रही और मौसम खुशनुमा नजर आ रहा था कि फिर से बारिश होने लगी जिससे लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली थी लेकिन जैसे-जैसे सुबह के बाद मौसम चढ़ता गया सुबह 11 बजे के बाद सूर्य देवता ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू किया। जिसके बाद दोपहर को इतनी तेज धूप थी कि लोग गर्मी से परेशान नजर आए। लोग गर्मी से बचने के लिए चश्मा गमछा का सहारा लेते नजर आए तो वहीं दोपहर को तेज गर्मी से राहत पाने के लिए गला तर करते देखे गए। लगातार मौसम के बदलते तेवर की वजह से बच्चों को खासी परेशानी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार बताया जाता है कि कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर इसी तरह जारी रहेगा।

### मौसम साफ होते ही पारा पहुंचेगा 44 डिग्री के पार

पिछले कई दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। जानकार बताते हैं की मौसम साफ होते ही दो-तीन दिनों के भीतर तापमान लगभग 43 से 44 डिग्री जा पहुंचेगी अभी शुरुआती दौर में तापमान में कुछ कमी जरूर आई है लेकिन जैसे ही तापमान में वृद्धि होगी गर्मी विकरान रुप पर रहेगी। ऐसे में अप्रैल के अंतिम सप्ताह में पारा 40 से 44 डिग्री तक पहुंचाने की उम्मीद बताई जा रही है जिससे इस गर्मी से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### आने वाले दिनों में बिजली की बढ़ेगी डिमांड

लोग गर्मी से राहत पाने के लिए अपने-अपने घरों और कार्यालय में पंखा, कूलर, एसी का लगातार संचालन कर रहे हैं लेकिन पिछले कई दिनों से मौसम खुशनुमा होने से तापमान में कुछ कमी जरूर आई है। जिससे बिजली के डिमांड में कमी आई है लेकिन वहीं दूसरी ओर आने वाले दिनों में जैसे सूर्य देवता की तपिश और बढ़ती जाएगी तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचेगी इससे ऐसे में आने वाले दिनों में बिजली की डिमांड और बढ़ेगी।

# हसदेव नदी में मिली अधेड़ की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरी स्थित धनरास राखड़ डेम के पीछे हसदेव नदी में मंगलवार की दोपहर नाव से नदी पार करते हुए कुछ ग्रामीणों ने एक अधेड़ व्यक्ति की लाश देखी। जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना कटघोरा थाना में दी। सूचना मिलते ही कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव की शिनाख्ती की गई तो मृत व्यक्ति की पहचान डोंगाघाट ग्राम पंचायत धनगांव निवासी धनसिंह मंझवा उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई। मृतक राखड़ डेम में एक कंपनी में चौकीदारी का काम करता था। मृतक धनसिंह मंझवार 19 अप्रैल को अपने घर से काम के लिए निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने इसकी खोजबीन की थी लेकिन दोपहर जब शव की शिनाख्ती की गई तो मृतक धनसिंह मंझवार ही निकला। फिलहाल कटघोरा पुलिस ने शव का पंचनाम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि मृतक धनसिंह मंझवार की मौत कैसे और किन कारणों से हुई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुट गई है।


अधेड़ की तैरती लाश।

### फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस क्षेत्र निवासी हर्ष केसरवानी 23 वर्ष ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक ने किन कारणों से यह आत्मघाती कदम उठाया है इस बात का पता नहीं चल सका है। लोगों को जैसे ही हर्ष द्वारा खुदकुशी किए जाने की सूचना मिली वैसे ही मौके पर लोगों के भीड़ जुड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम पहुंची और हर्ष को फांसी के फंदे से उतारा। बताया जा रहा कि हर्ष के माता और पिता बाहर हैं पड़ोसी के माध्यम से उन्हें इस बात की सूचना मिली मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है ।

# कोल कर्मियों को भी अब ऑनलाइन देनी होगी गोपनीय रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल कर्मियों को अब कोल अधिकारियों की तरह ऑनलाईन एससीआर (एनुअल कांफिडेंशियल रिपोर्ट) देना होगा। कोल कर्मी अब सैप के जरिए एनसीआर जमा करेंगे। इसे लेकर कोल इंडिया ने अपने सभी अनुषंगी कंपनियों को निर्देश जारी कर दिया है।

कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों के कर्मचारियों (नन एग्जीक्यूटिव) को भी अब ऑनलाइन एसीआर (एनुअल कांफिडेंशियल रिपोर्ट) भरना होगा। पहले एसीआर ऑफलाइन दी जाती थी। ऑफलाइन व्यवस्था होने की वजह से कोयला कर्मी कभी दो-दो वर्ष का एसीआर एक साथ भरते थे। अब सैप के माध्यम से एसीआर ऑनलाइन भरना होगा। इसको लेकर कोल इंडिया की ओर से सभी अनुशंगी कंपनियों को निर्देश जारी कर दिया गया है। ऑनलाइन एसीआर के माध्यम से कोयला कर्मियों के प्रदर्शन की समीक्षा होगी। सूत्रों ने बताया कि प्रोन्नति सहित कई मामलों में एसीआर महत्वपूर्ण होगी। इसके पहले कोयला अधिकारी ही ऑनलाइन एसीआर फाइल करते थे।



### पीएफ-पेंशन सेटलमेंट पोर्टल पर साइबर हमला

पिछले सप्ताह सीएमपीएफओ (कोयला खान भविष्य निधि संगठन) के ऑनलाइन पीएफ पेंशन सेटलमेंट पोर्टल (सी केयर्स) पर साइबर हमला हुआ था। पूरा सिस्टम बंद हो गया था और तीन- चार दिन तक पीएफ-पेंशन सेटलमेंट का काम बाधित रहा। भुवनेश्वर में सीएमपीएफओ की उच्चस्तरीय बैठक में शुक्रवार को यह मुद्दा उठा था। इस दौरान पोर्टल की साइबर सुरक्षा पर मंथन किया गया।

# गुजरात से प्रेमिका ने युवती को फोन कर खोल दी पोल, दूल्हे की जमकर धुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले में निवास करने वाला युवक पहले से एक युवती से रिलेशनशिप में था और किसी अन्य युवती से अपने सामाजिक रीति-रिवाज से शादी करने के लिए कोरबा पहुंच गया था लेकिन युवक दूल्हे राजा के प्रेमिका ने उसके ससुराल वाले को उसके पूरे कारनामे की पोल खोल दी थी। जब दूल्हा बारात लेकर अपने ससुराल पहुंचा तो फिर क्या बात था उसके परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा और दूल्हे राजा की जमकर मरम्मत की गई। जब पुलिस को इसकी भनक लगी तो पुलिस मौके पर पहुंची और बीच बचाओ कर किसी तरह उसे छुड़ाकर थाने लेकर आया गया।

### खास बातें

- जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पिसौद से मोतीसागर पहुंची थी बारात
- कोतवाली पुलिस ने बीच बचाव कर दूल्हे को सुरक्षित लाया थाने

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के मोतीसागरपारा की है। यहां निवासरत एक युवती की शादी पड़ोसी जिले जांजगीर-चांपा में निवास करने वाले दादू केवट पिता अशोक केवट के साथ तय हुई थी। बताया जाता है कि दादू केवट गुजरात में निवास करता है और एक निजी कंपनी में काम करता है। जहां दादू केवट का गुजरात में ही रहने वाली एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल आ रहा था और दादू केवट गुजरात में रहने वाली युवती से शादी करने वाला था लेकिन युवक ने गुजरात निवासी अपनी प्रेमिका को झांसा दिया और वापस अपने घर जिला जांजगीर चांपा के ग्राम पिसौद आ गया था और सामाजिक रीति रिवाज से दादू केवट की शादी कोरबा निवासी एक युवती से तय हुई थी जिसके तहत दादू केवट मंगलवार की दोपहर बारात लेकर मोतीसागरपारा पहुंचा हुआ था लेकिन उसे क्या मालूम था कि उसकी प्रेमिका ने उसकी सारी पोल खोल दी है। बताया जाता है कि उसकी प्रेमिका ने एक दिन पहले ही रात को उसके ससुराल वालों के मोबाइल पर फोन करके उसकी सारे काले कारनामे के बारे में बता दिया था फिर क्या था जैसे ही दादू केवट बारात लेकर अपने ससुराल दुल्हन लेने पहुंचा। ससुराल वालों का आक्रोश फूट पड़ा और दूल्हे राजा दादू केंवट की जमकर धुनाई कर दी। जैसे ही इसकी भनक नगर कोतवाल मोती पटेल को मिली वे दल बल सहित मौके पर पहुंचे और किसी तरह लोगों को समझाइश देकर दूल्हे राजा दादू केवट को थाने लेकर पहुंचे तब जाकर मामला शांत हुआ।


दुल्हे को सुरक्षित लेकर जाती पुलिस।

### थाने लेकर पहुंचे युवक को

जांजगीर-चंपा के ग्राम पिसौद निवासी दादू केवट नामक युवक गुजरात में रहता था। जिसका पूर्व में गुजरात में युवती से प्रेम प्रसंग था और उसने बिना बताए मोतीसागरपारा में निवास करने वाली युवती से शादी करने पहुंचा था जब इसकी भनक उसके परिजनों को लगी थी तो उनका आक्रोश फूट पड़ा था। पुलिस बीच बचाव कर दादू केवट को थाने लाई है जिसका डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।
**-मोती पटेल,** नगर कोतवाल

# द्वितीय राज्य स्तरीय कुडो स्पर्धा में कोरबा अव्वल

**कोरबा।** द्वितीय राज्य स्तरीय कुडो प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा ज़िले के सिटी सेंटर मॉल में आयोजित किया गया। जिला संघ के सचिव प्रेमराज बंजारे ने इसकी जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से 200 खिलाड़ियों में भाग लिया, सर्वाधिक मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर दुर्ग एवं तृतीय स्थान पर सरगुजा ज़िला रहा। राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगता हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित की जा रही है। इसमें राज्य कुडो प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोरबा से स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले बालक खिलाड़ी-रेयांश यादव, अद्वितीय यादव अनय अग्रवाल पी हविश कृष्णा, तनेश अग्रवाल, समर्थ अग्रवाल, साई प्रकाश जेना, प्रणव निर्मलकर, वीर भद्र प्रकाश, आराध्या सोनी, अगस्त्य शर्मा, रोहन कुमार श्रीवास, अभिनव शर्मा, शालोम खाखा, यश प्रजापति, हर्ष यादव, आशुतोष पाठक, अनुज अग्रवाल, शौर्य तिवारी, स्वर्ण पदक बालिका वर्ग जसमीत कौर, अद्विती गुप्ता, आर्या सेठी, अलीशा, वी. सांभवी, अवनी शर्मा, आराध्या श्रीवास, शौर्य बरनवाल, हृदय मंडल, गोल्डी अग्रवाल, स्पर्शिता दास, शिवांगी जायसवाल, मिया अलापट्ट, कुहू राहंगडाले, आयुषी पांडा, अंजू कंवर, इश्कृत कौर छाबड़ा, शिखा सिंह, ग्रेसी पन्ना, सानिया चौहान, रजत पदक बालक वर्ग कार्तिक आहूजा, जॉनसन एक्का, लखन साहू, अथर्व शर्मा, सृजन शर्मा, सुयश महंत, यशराज खरे, विशाल कुमार साहू, कृष्णा अग्रवाल, हार्दिक दुरेजा, रजत पदक बालिका वर्ग एकता पटेल आदि ने जिले का मान बढ़ाया।

जाँजगीर मार्केट
गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपत्ति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
• सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, एम्बुलेंस सुविधाएं
• दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा/ पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
सुविधाएं
➜ सोनोग्राफी
➜ एक्स-रे
➜ वेंटीलेटर
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं क्राइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
सुविधाएं
➜ एक्स-रे, पैथोलैब,
➜ फार्मेसी
➜ आधुनिक सुविधाएं
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
सर्जिकल आई.सी.यू. फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

24- APR-Jash-RAGH--CORIYA-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/24/2024 7:57 PM Page 1






# 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का हुआ ऐलान

**मुंबई।** जीवन जे कांग और नवीन जॉन की वेब सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के तीनों सीजन को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। अब हनुमान जयंती के खास मौके पर निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, उन्होंने 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का ऐलान कर दिया है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' जल्द डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' का टीजर साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'बजरंगबली ने बुलाया है, आना तो पड़ेगा।'

लाइफ Style

# सारा अली

## 'मेट्रो इन दिनों' थिएटर में धमाल मचाने तैयार


एजेंसी ⏭ मुंबई

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' काफी चर्चा में हैं। वहीं फिल्म में पहली बार सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इसी बीच फिल्म की नई तारीख की घोषणा कर दी गई हैं।

एक बार फिर फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। हाल ही में कोंकणा सेन शर्मा नेपोस्ट को शेयर करते हुए, उन्होंने लिखा कि, "तैयार हो जाइए शहरी रोमांस देखने के लिए, जो इससे पहले आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। 'मेट्रो इन दिनो' 29 नवंबर 2024 में को सिनेमाघरो में रिलीज होने वाली हैं। आपको बता दें, इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु और भूषण कुमार ने किया है। वहीं जहां एक तरफ, इस एंथोलॉजी फिल्म में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं दूसरी तरफ, कई और नई जोड़ियां अपना जलवा दिखाएंगी। इसके साथ ही इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, नीता गुप्ता, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, अली फजल भी अहम रोल प्ले करने वाले हैं। ऐसे में अब वह एंथोलॉजी फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों में बिल्कुल नई कास्ट के साथ दर्शको के बीच नजर आने वाली है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, अक्सर अनुराग बसु की फिल्म दिल छू देने वाली होती है।



## हॉलीवुड मसाला



### मिशन इम्पॉसिबल-7 व 8
# इंतजार खत्म

**लॉस एंजिलस।** टॉम क्रूज अभिनीत स्पाई एक्शन सीरीज 'मिशन इम्पॉसिबल 7' और 'मिशन इम्पॉसिबल 8' की दो फिल्मों की रिलीज डेट को अमेरिका और यूरोप भर में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आगे बढ़ा दिया गया है। 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक 'मिशनः इम्पॉसिबल 7', जो पहले 30 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। इससे पहले 'मिशनः इम्पॉसिबल 8', जो 7 जुलाई, 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 28 जून 2024 को रिलीज होगी।




# डिप्रेशन से जूझ रही थीं मिस चेसली...

**लॉस एंजिलस।** मिस यूएसए 2019 चेसली क्रिस्ट ने 30 जनवरी, 2022 को आत्महत्या कर ली थी। उनकी न्यूयॉर्क की 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हुई थी। अब उनकी आत्महत्या को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। चेसली की मां अप्रैल सिमप्किंस द्वारा सह-लिखित उनके नए संस्मरण के मुताबिक, वह इंपोस्टर सिंड्रोम और हाई-फंक्शनिंग डिप्रेशन से पीड़ित थीं। चेसली ने लॉ और एमबीए की डिग्री हासिल की थी। उनका सफल करियर था, लेकिन उन्हें लगता था कि वह अच्छी नहीं हैं। चेसली ने अपने संस्मरण में खुलासा किया कि ऑनलाइन मिलने वाले नफरती संदेशों ने उनकी असुरक्षा को बढ़ा दिया था। इससे उन्हें इंपोस्टर सिंड्रोम हो गया।



# डॉक्यूमेंट्री के लायक है मेरी कहानी...

**मुंबई।** नोरा फतेही फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की, वहीं इसमें नोरा के अभिनय की भी फिल्म में तारीफ हुई। अपनी इस फिल्म की रिलीज के बाद से नोरा काफी मुखर हो गई हैं और बड़ी बेबाकी से अपने विचार रख रही हैं। पिछले दिनों उन्होंने बॉलीवुड के शादीशुदा जोड़ों पर निशाना साधा था। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन पर फिल्म बनने की बात कही। एक इंटरव्यू में नोरा ने कहा, मेरे पास एक कहानी है और एक दिन मैं इस पर डॉक्यूमेंट्री बनाना चाहूंगी। इस बारे में बात करना चाहूंगी कि कैसे नोरा नाम की लड़की एक जगह आती है। वो भारतीय नहीं है, लेकिन वो बॉलीवुड में आई, उसने हिंदी भाषा सीखी और सभी बाधाओं को तोड़ते हुए वह आगे बढ़ी।



# डीपफेक वीडियो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान के बाद अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने भी अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ लीगल एक्शन लिया है। रणवीर ने डीपफेक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि बीते दिनों अभिनेता आमिर खान, रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही समेत कई सितारे डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुके हैं। इस मामले में एक्टर रणवीर सिंह भी फंस गए हैं। इन दिनों अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले को लेकर रणवीर सिंह ने कानूनी एक्शन लेते हुए अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस वीडियो में उन्हें देश में जारी लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक पार्टी का प्रमोशन करते देखा जा सकता है।

## फिल्मी मसाला

# रेखा ने सेट पर जड़ दिया था एक्ट्रेस को थप्पड़...

**मुंबई।** जिंदगी की तरह ही फिल्मों में भी सीखने-सिखाने का सिलसिला ताउम्र चलता रहता है। जब भी कोई नया-नवेला एक्टर फिल्मों की दुनिया में कदम रखता है तो उसके मन में कई तरह के संशय रहते हैं कि क्या वह इतने लोगों के बीच में अपनी अलग पहचान बना पाएगा या नहीं। डेब्यू फिल्म के दौरान अक्सर एक्टर डरे-सहमे रहते हैं और जब वह पहली ही फिल्म में किसी सीनियर एक्टर संग काम करते हैं तो डर और घबराहट का बढ़ना तो लाजमी है। बरसों पहले आई एक फिल्म के सेट पर नई-नेवेली एक्ट्रेस संग ऐसा ही कुछ हुआ था। पहली ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें इतना जोरदार झटका लगा कि वह घंटों तक रोती रह गईं। आज ये एक्ट्रेस फिल्म लाईन से दूर होकर लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।



### आरती छाबड़िया ने लज्जा से किया था डेब्यू

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने साल 2001 में आई राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'लज्जा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। महिलाओं पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने एक नहीं बल्कि कई दिग्गजों संग स्क्रीन शेयर किया था। 'लज्जा' में आरती छाबड़िया संग रेखा, माधुरी दीक्षित, महिमा चौधरी, सोनाली बेंद्रे, जैकी श्रॉफ, अजय देवगन, डैनी, गुलशन ग्रोवर जैसे कई मंझे हुए कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

### रेखा ने आरती को जड़ा था थप्पड़

इस फिल्म में एक ऐसा सीन था जिसमें रेखा को एक्ट्रेस आरती छाबड़िया को कई थप्पड़ झड़ने होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई-नवेली एक्ट्रेस को इस सीन के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी जिसकी वजह से जब ये सीन शूट हुआ तो उन्हें जोरदार झटका लगा था। रेखा ने सीन के अनुसार एक के बाद एक उन्हें कई थप्पड़ जड़ डाले थे जिस वजह से एक्ट्रेस गहरे सदमे में चली गईं।

### अब फिल्मों से दूर कमाती हैं करोड़ों

वह 'तुमसे अच्छा कौन है' में नकुल कपूर, 'आवारा पागल दीवाना' में अक्षय कुमार, 'राजा भईया' में गोविंदा और 'पार्टनर' में सलमान खान संग काम कर चुकी हैं। बॉलीवुड में कुछ खास सफल न होने के बाद एक्ट्रेस ने कई भाषाओं की फिल्मों में किस्मत आजमाई, लेकिन जब उन्हें वहां भी सफलता न मिली, तो उन्होंने फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली। आज ये एक्ट्रेस लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

# ये सितारे एक ही फिल्म में बने हीरो और विलेन, खुद से ही किए दो-दो हाथ...

*__मुंबई।__ बॉलीवुड में आपने कलाकारों को फिल्मों में तमाम नए-नए प्रयोग करते देखा होगा। कुछ कलाकार अपना किरदार निभाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं और जोखिम उठाने से भी परहेज नहीं करते। हालांकि, सबसे मुश्किल होता है फिल्म में 2 अलग-अलग किरदार निभाना। कई सितारों ने फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन की भूमिका को अंजाम दिया है। आज हम आपको उन्हीं कलाकारों से मिलवा रहे हैं, जो पर्दे पर खुद से ही भिड़ते नजर आए हैं।*

*__अमिताभ बच्चन :__ शुरुआत करते हैं अमिताभ बच्चन से, जिन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग फिल्मों में हीरो और खलनायक की भूमिका निभाई हैं, लेकिन 1978 में आई फिल्म 'डॉन' में उन्होंने न सिर्फ हीरो, बल्कि विलेन का किरदार भी बड़े शानदार तरह से निभाया। फिल्म में वह 'विजय' और 'डॉन' के किरदार में नजर आए थे। उन्हें उनके उम्दा अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। जी5 पर अमिताभ की यह फिल्म मौजूद है। फिल्म आखिरी रास्ता में बाप और बेटे की भूमिका निभाई। महान फिल्म में भी अमिताभ ने तीन रोल निभाए थे।*



*__अक्षय कुमार :__ अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी। अक्षय 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'अफलातून' और 'खिलाफी 420' में डबल रोल में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने हीरो और विलेन दोनों की भूमिका खुद ही निभाई थी। 'अफलातून' यूट्यूब पर तो 'खिलाड़ी 420' जी5 पर देखी जा सकती है।*

*__शाहरुख खान :__ शाहरुख खान ने कई हिट और सुपरहिट फिल्में कीं। 'डुप्लीकेट' उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में शुमार है, जिसके लिए उन्हें न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब सराहना मिली। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यही वो पहली फिल्म थी, जिसमें शाहरुख को हीरो के साथ-साथ विलेन के रूप में भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने 'डॉन' और 'फैन' में भी सकारात्मक और नकारात्मक भूमिका निभाई। अमेजन प्राइम वीडियो पर ये दोनों फिल्में मौजूद हैं।*



# 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में हुई शुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल हो गई हैं। टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। आलिया भट्ट ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, #टाइम100 का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही ही। आपके दयालु शब्दों के लिए सबसे प्यारे #टॉमहार्पर को धन्यवाद। आलिया भट्ट को लेखक-निर्देशक और फिल्म निर्माता टॉम हार्पर ने 'अद्भुत टैलेंट' में से एक बताया। उनकी प्रोफाइल में लिखा गया है कि आलिया दुनिया की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

## साउथ की इन फिल्मों ने एक्टर को बनाया मेगा पावरस्टार

# आरआरआर से बॉलीवुड में रामचरण ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में बड़ा नाम बना चुके राम चरण की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। एक्टर और निर्माता राम चरण ने 27 मार्च को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म चेन्नई में तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी के घर हुआ था। वह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले कलाकारों में से एक हैं। राम चरण ने 2007 में फिल्म चिरुथा से अपने फीचर करियर की शुरुआत की। उन्हें 2009 में एस.एस. राजामौली की फंतासी एक्शन फिल्म मगधीरा से प्रसिद्धि मिली, जो उस समय सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई।

***कई अवॉर्ड और पुरस्कार जीते :*** अपने शानदार करियर में राम चरण ने कई अवार्ड और पुरस्कार जीते हैं। आज राम चरण न सिर्फ साउथ सिनेमा बल्कि बॉलीवुड में भी लोकप्रिय एक्टर हैं। राम चरण की आरआरआर देखने के बाद फैन्स इनके दीवाने हो गए लेकिन बॉलीवुड दर्शक स्टार की उन फिल्मों को नहीं जानते जिनसे साउथ में धमाल मचाया। आइए जानते हैं रामचरण की बेस्ट मूवीज।


**नायक :** साल 2013 में सिनेमाघरों में आई फिल्म नायक में राम चरण के किरदार ने फैन्स का दिल जीत लिया। नायक की कहानी में एक युवक और उसका हमशक्ल अन्याय का मुकाबला करने और खलनायकों के खिलाफ अपने प्रतिशोध को निपटाने के लिए एकजुट होते हैं।

**चिरुथा :** फिल्म में राम चरण को एक गरीब आदमी के रूप में दिखाया गया है जिसे गलत तरीके से हत्या का दोषी ठहराया जाता है और जेल भेज दिया जाता है। चिरुथा साल 2007 में रिलीज हुई थी।

**मगधीरा :** साल 2009 में काजल अग्रवाल के साथ राम चरण की फिल्म मगधीरा आज भी फैन्स के जहन में है। फिल्म की कहानी राजकुमारी को बचाने के प्रयास के बाद 400 साल बाद एक योद्धा का पुनर्जन्म होता है और राज्य के परिणामस्वरूप उसकी और राजकुमारी की मृत्यु हो जाती है। अपने खोए हुए प्यार को वापस पाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, वह चुनौतियों से पार पाने और सभी बाधाओं के खिलाफ विजयी होने के लिए एक नई यात्रा पर निकलता है।

**ऑरेंज :** साल 2010 में आई ऑरेंज में राम चरण एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं जो स्थायी प्रेम में विश्वास नहीं करता है और एक जीवंत रोमांटिक रिश्ते का पीछा करता है। हालाँकि, प्यार के बारे में उनकी परस्पर विरोधी मान्यताएँ उन्हें अलग रखती हैं।

### टॉप हिट फिल्में....



**येवाडू :** अल्लू अर्जुन के साथ राम चरण की येवाडू 2014 में सिनेमाघरों में दस्तक देते ही हिट साबित हुई थी। फिल्म में राम चरण ने एक ऐसे युवा व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो गंभीर चोटों से पीड़ित होने और अपने प्रेमी को एक क्रूर हमले में मरते हुए देखने के बाद, जीवन बचाने के लिए चेहरे का प्रत्यारोपण कराता है। वह एक नए रूप के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से अपनी पहचान छिपाते हुए बदला लेना चाहता है। उनका ताजा चेहरा उनके जीवन में अप्रत्याशित कठिनाइयों और जटिलताओं को प्रस्तुत करता है।

**गोविंदुडु अंदारिवाडेले (येवाडू 2) :** फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने परिवार में दरार के कगार पर होने की तलाश में भारत लौटता है। चीज़ों को गंभीरता से न लेने की आदत के बावजूद, उसे अपने परिवार के रिश्तों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**ब्रूस ली- द फाइटर:** राम चरण और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म ब्रूस ली द फाइटर साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राम चरण को एक स्टंटमैन के रूप में दिखाया गया है जिसे एक आदर्शवादी महिला गलती से पुलिस अधिकारी समझ लेती है। वास्तविक अधिकारी न होने के बावजूद, वह पुलिस की ओर से अपराध से लड़ने की भूमिका निभाता है।

### ऑस्कर विजेता फिल्म आरआरआर

ऑस्कर विजेता फिल्म दो प्रसिद्ध क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी और 1920 के दशक में अपने देश के लिए लड़ने के उनके रास्ते का वर्णन करती है। वहीं ध्रुव एक समर्पित पुलिस अधिकारी देश के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति सिद्धार्थ अभिमन्यु को मार गिराने के बेहद खतरनाक मिशन पर है।

### रामचरण की गेम चेंजर ने मचाई धूम

रामचरण की फिल्म गेम चेंजर 14 अप्रैल को रिलीज होने के बाद से धूम मचा रही है - गेम चेंजर एक आगामी तेलुगु भाषा की एक्शन से भरपूर राजनीतिक थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है, एस. शंकर अपनी तेलुगु निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। दिल राजू और सिरीश ने इसे श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित किया है।

## खबर संक्षेप

### गोधना में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के हिंदू युवा ग्रुप द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा गायत्री एवं चंडी मंदिर से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक, शांति मोहल्ला, शेरा चौक, संतोषी चौक,भाठापारा, मिलन चौक, महावीर मोहल्ला तथा गणेश मोहल्ला होते हुए पुनः गायत्री मंदिर पहुंची ।इस दौरान डीजे की धुन में नवयुवक साथियों के साथ महिलाएं एवं बच्चे झूमते दिखे। वही पूरा माहौल राममय हो गया था। वही ग्राम के महिलाओं ने थाली में आरती सजाकर भगवान श्री राम एवं हनुमान की प्रतिमा की पूजा अर्चना भी की । वहीं लोगों को प्रसाद वितरण भी किया गया। बच्चे तथा बुजुर्गों के द्वारा जय श्री राम के नारे भी लगाए गए।

### एनसीसी कैडेटों ने नुक्कड़ नाटक से दिया पृथ्वी बचाने का संदेश



**जांजगीर-चांपा।** सीजी एनसीसी बटालियन कोरबा के कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार एस एवं एडम अधिकारी ले कर्नल प्रियदर्शन चौधरी के निर्देशन एवं एनसीसी अधिकारी दिनेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में शाउमाविक्र 1 जांजगीर के एनसीसी कैडेटों ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को धरती बचाने एवं प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश दिया। कैडेटों ने श्लोगन के साथ गंदगी के दुष्परिणाम भी बताए। कैडेटों ने बीडीएम गार्डन की सफाई भी की। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य बैशाखी पारिया ने लोगों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने, जल संरक्षण और अधिकाधिक संख्या में पौधारोपण करने की अपील की। इस दौरान एबीईओ तरुण साहू, पूरन राठौर, नीरजा उपाध्याय, वीरेंद्र पटेल एवं एनसीसी कैडेट सौरभ तिवारी,जीतू श्रीवास, युगलकान्त, आयुष, ओम शर्मा, सलमान, जैनेंद्र, लक्ष्य साहू उपस्थित रहे।

## निधन

### गोविंद चंदानी



**चांपा।** स्थानीय पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती के वरिष्ठ, प्रतिष्ठित एवं मिलनसार व्यवसायी सदर बाजार राधाकृष्ण मंदिर चौक स्थित लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स के संचालक गोविंद चंदानी का मंगलवार 23 अप्रैल की रात्रि हृदयाघात से असामयिक निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। स्व. चंदानी अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्रों एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 24 अप्रैल को सायं 5 बजे कोटा मुक्तिधाम रायपुर में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र डॉ. विकास चंदानी ने दी।

### श्रीमती सरोज गुप्ता

**चांपा।** स्थानीय युवा पत्रकार गौरव पथ स्थित गुरूनानक रेसीडेन्सी निवासी गौरव गुप्ता की माता श्रीमती सरोज गुप्ता का मंगलवार 23 अप्रैल को असामयिक निधन हो गया। वे 55 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती गुप्ता अपने पीछे पति समेत दो पुत्रों का परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार सायं 5 बजे हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र गौरव गुप्ता ने दी।

### निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को रखरखाव के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

# चुनाव प्रचार के दौरान किए गए व्यय का लेखा संधारित करने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत व्यय प्रेक्षक पवन कुमार एवं कलेक्टर आकाश आकाश छिकारा की उपस्थिति में बुधवार को जिला पंचायत सभा कक्ष में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा रखरखाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अभ्यर्थी द्वारा पृथक से बैंक खाता और उसका लेखा जोखा रखने के संबंध विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। निर्वाचन अवधि के दौरान वाहनों व रैलियों की अनुमति की प्रक्रिया तथा इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से भी उन्हें अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान व्यय किए जाने की सीमा तथा इनके लेखों के संधारण के संबंध में आयोग के निर्देशों की भी जानकारी राजनीतिक दलों को दी गई। प्रशिक्षण में निर्वाचन व्यय रजिस्टर, निर्वाचन खर्चों के दैनिक लेखक के रजिस्टर, कैश तथा बैंक रजिस्टर भरने की प्रक्रिया, दैनिक लेख का रजिस्टर, कैश रजिस्टर, बैंक रजिस्टर, प्राप्त चेक ड्राफ्ट भुगतान आदेश एवं निर्वाचन व्यय के लेखा संधारण करने की जानकारी से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन खर्च, निगरानी के उद्देश्य व कानूनी प्रावधान, निर्वाचनों का संचालन, नियम, अनुवीक्षण की संरचना, उनके प्रकार एवं कार्य, लेखा समाधान बैठक, चुनाव प्रचार के दौरान अभ्यर्थी की ओर से किये गये व्यय का लेखा कैसे संधारित करना होगा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा रखरखाव का प्रशिक्षण देते प्रेक्षक एवं कलेक्टर।

### विधानसभावार ईवीएम मशीनों की 30 से होगी कमीशनिंग



**सक्ती।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण सोम द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सक्ती में संबंधित अधिकारियो कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण सोम तथा मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी अधिकारियो कर्मचारियों को कमीशनिंग कार्य से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां विस्तारपूर्वक दी गई तथा अधिकारियो कमर्चारियों की छोटी-बड़ी शंकाओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम में समाधान किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण सोम ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया की विधानसभावार ई.वी.एम. के कमीशनिंग का कार्य 30 अप्रैल से 2 मई 2024 तक स्ट्रांग रूम परिसर कृषि उपज मण्डी सक्ती में सुबह 8 बजे से किया जाना है। उन्होंने इस कार्य के लिए नियुक्त सभी अधिकारियो कर्मचारियों को निर्धारित तिथि और समय पर स्ट्रांग रूम परिसर कृषि उपज मण्डी सक्ती में उपस्थित होने के निर्देश दिए । कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल, समस्त तहसीलदार सहित कमीशनिंग कार्य हेतु नियुक्त समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे ।



रक्तदान करते युवा।

## हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न हॉस्पिटल में विशेष रक्तदान शिविर लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

■ शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और स्वीप नोडल अधिकारी बी पी भारद्वाज के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में लगातार विभिन्न नवाचारी स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न हॉस्पिटल में विशेष रक्तदान शिविर लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजित रक्तदान शिविर में विभिन्न लोगों ने स्वस्फूर्त भाग लेकर रक्तदान करते हुए मतदान के लिए जागरूकता का संदेश दिया। जिससे आमजन को मताधिकार के ज्यादा से ज्यादा उपयोग के लिए जागरुक किया जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने समस्त जिलेवासियों से स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से तथा बिना किसी प्रलोभन के निर्भिक होकर अपने मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा अंतर्गत सक्ती जिले में 7 मई को मतदान की तिथि निर्धारित की गई हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर महिला मंडल ने किया भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

प्राचीन शबरी मंदिर खरौद में 23 अप्रैल को हनुमान जयंती महोत्सव के अवसर पर महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया गया। महिला मंडली ने माता शबरी एवं हनुमान जी से संबंधित मधुर भजन गाए। सबने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।

इस अवसर पर शिवरात्रि यादव ने कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ स्त्री और पुरुष सभी कर सकते हैं। हनुमान जी सब पर समान कृपा करते हैं। श्री यादव ने हनुमान जी के अवतरण एवं उनके लीलाओं पर संक्षिप्त में प्रकाश डाला एवं तुलसी में जल क्यों चढ़ाना चाहिए एवं उससे क्या लाभ है पर कथा के माध्यम से विस्तार से उपस्थित समुदाय के समक्ष वर्णन किया। नगर के महिला मंडली ने माता शबरी एवं हनुमान जी से संबंधित मधुर भजन गाए। सबने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। प्रसाद वितरण के साथ इस अयोजन की निरंतरता बनाए रखने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में कांति बाई नोनिया, श्यामा बाई यादव, सावित्री केवट,अमरीका यादव,जमुना यादव, चमेली यादव,शीतल बाई आदित्य, चंद्रकला नोनिया, हेमलाल यादव ने भाग लिया।



भजन-कीर्तन करती महिलाएं।

## श्री श्याम बाबा सेवा समिति से जुड़े 16 नवीन सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय श्री श्याम बाबा सेवा समिति से 16 नये संस्थापक सदस्यों को जोड़ा गया है। विगत 12 एवं 13 अप्रैल को समिति के पदाधिकारियों ने इन नवीन सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र प्रदान किये।

श्याम बाबा सेवा समिति में पूर्व में 81 संस्थापक आजीवन सदस्य थे। पिछले कुछ समय से समिति में नवीन सदस्यों का समावेश किये जाने की मांग उठ रही थी। इसके पश्चात समिति की नवगठित कार्यकारिणी ने समिति में 16 नये संस्थापक आजीवन सदस्यों को जोड़े जाने का निर्णय लिया। इसके तहत विगत 12 एवं 13 अप्रैल को समिति के पदाधिकारियों ने समिति से जोड़े गये नवीन संस्थापक आजीवन सदस्यों के रूप में बजरंग डिडवानिया, अमन बंसल, सतीश अग्रवाल, संजय कुमार मोदी, अर्पण सिंघानिया, रमेश अग्रवाल, शंकर लाल केडिया, बद्री प्रसाद अग्रवाल, ललित सिंघानिया, सुमीत अग्रवाल, दिनेश मोदी, गजेन्द्र अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, शैलेश बाजोरिया, सुरेन्द्र अग्रवाल तथा अखिलेश मोदी को सदस्यता प्रमाणपत्र सौंपा गया।

■ नवीन सदस्यों का समावेश किये जाने उठ रही थी मांग

इस मौके पर संरक्षकगण रामनारायण मोदी, सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष किशोर मोदी, उपाध्यक्ष दिनेश केडिया, राज अग्रवाल, सचिव अंकित मोदी, विकास मोदी सहित नारायण मित्तल, सौमिल मोदी, शलभ अग्रवाल आदि मौजूद थे। समिति में 16 नये आजीवन संस्थापक सदस्यों का समावेश किये जाने से अब कुल आजीवन संस्थापक सदस्यों की संख्या बढ़कर 97 हो गई है। समिति के संरक्षकगण रामनारायण मोदी, सुनील अग्रवाल तथा अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि समिति में नवीन सदस्यों को जोड़े जाने से अब समिति का तेरहवां वार्षिकोत्सव आगामी 9 मई को नये उत्साह व धूमधाम से मनाया जाएगा।



समिति के नवीन सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र सौंपते पदाधिकारी।

## सुंदरकांड पाठ के साथ हुई विशेष पूजा-अर्चना



**तनौद।** ग्राम तनौद के अंदोली तालाब में स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर में 23 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। ग्रामवासियों द्वारा पूजा अर्चना कर एक दिवसीय संकट निवारण मनोकामना दीप दान महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर के पुजारी द्वारा हनुमान चालीसा पाठ सुन्दर काण्ड पाठ के साथ प्रातः काल लालजी श्रीवास द्वारा हनुमान जी को गंगाजल से स्नान कराया गया। सेन्दूराभिषेक पूजन अर्चना कर भोग अर्पण रात्रि कालीन रामायण गायन व कीर्तन मंडली द्वारा राम नाम का भजन किया। इस अवसर पर ग्राम तनौद गणमान्य नागरिक डॉ राजेन्द्र साहू, तिलक, विजय कुमार नागेश्वर साहू, महेश कुमार, योगेश्वर साहू, सोनाऊ देवांगन, संतोष कुमार साहू रामहरि साहू, सपत्नी तीजमति साहू व बड़े संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



**खरौद।** स्वर्णकार महिला समिति खरौद के सदस्यों व्दारा श्रीमती प्रभा सोनी के घर मे हनुमान प्रकटोत्सव के दिन हनुमान की प्रतिमा में पुष्प, दीप, प्रज्ज्वलित कर लोककल्याण व खुशहाली की कामना कर संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया एवं समिति के महिलाओं व्दारा मनमोहक भजन व कीर्तन किया गया अंत में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण कर समापन किया गया जिसमे समिति के सभी महिला सदस्य शामिल हुए।

### लोगों के लिए परेशानी का सबब बना मार्ग में बने जगह-जगह गड्ढे

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत जर्वे से पिसौद बिरगहनी एवं पीथमपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क बद से बदतर हो चली है, जिसके चलते इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चे एवं स्टाफ को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जर्वे मुख्य मार्ग में स्कूल के पास से खराब हुआ मार्ग गांव के अंतिम छोर तक जाता है। ऐसे में लोगों को गंदगी युक्त मार्ग से होकर आवाजाही करने की मजबूरी बनी रहती है। ऐसा भी नही की इस बात की जानकारी जनप्रतिनिधियो के द्वारा उच्च अधिकारियों को ना दी गई हो, लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

## इंटरस्टेट कराते चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने प्राप्त किया मैडल

**पामगढ़।** इंटर स्टेट कराटे चैंपियनशिप पाइकमाल उड़ीसा में शानदार आगाज हुआ। मुख्य अतिथि विधायक बरसा सिंह बरिहा थे।

विशिष्ट अतिथि सी. एल. साहू वरिष्ठ कोच, डिजेन्द्र कुर्रे वरिष्ठ कोच कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं आल इण्डिया कराते फेडरेशन टोंग इल मु डो के कोषाध्यक्ष किरण सिंग, सचिव उपेंद्र प्रधान,कार्यक्रम प्रभारी जगन्नाथ साहू,प्रदेश अध्यक्ष मीरा पंडा,रवि पाण्डेय, आस्था तिवारी जांजगीर, महासमुंद से राजेश कुमार चक्रधारी, दलेश्वर राणा, दीपक निषाद, विजय चक्रधारी, राकेश साहू, सरोजनी खटकर, योगेश्वरी जगत, रुखमणि रौतिया, रोशनी, पूजा राजेंद,लजेशवरी केशव बारीक़, रायगढ़ से धनुर्जय चौधरी, बिलासपुर से राजेश सारथी, गरियाबंद से बालाराम यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें पामगढ के प्रियंका कश्यप 60केजी वजन भार वर्ग में गोल्ड मैडल, पायल जायसवाल 45 केजी में सिल्वर मैडल, प्राख्या जायसवाल 50 केजी वजन भार कास्य पदक अपने नाम किया। उसके कोच आस्था तिवारी ने बधाई दिया और राष्ट्रीय स्तर खेल उत्तराखंड के लिए आस्था तिवारी को बेस्ट रेफरी के लिए चयन किया गया।



पुरस्कार के साथ खिलाड़ी।

## हुनर को निखारने व समय का सदुपयोग करने समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में बुधवार 24 अप्रैल से 10 दिवसीय ग्रीष्मावकाश समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इसमें कक्षा प्ले ग्रुप से कक्षा 9वीं तक के बच्चे शामिल होंगे। दस दिवसीय समर कैम्प का समापन 4 मई को होगा। जिसका थीम है ऊर्जा 4.0 कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा द्वारा किया गया। तत्पश्चात बच्चों को समर कैंप से सबंधित जानकारी दी गई । कैंप के प्रथम दिवस में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

■ गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप में उत्साह पूर्वक भाग ले रहे बच्चे

इस समर कैंप में गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य स्कूलों के छात्र- छात्राएं भी शामिल हुए। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि समर कैंप में पढ़ाई लिखाई के अलावा बच्चे अलग- अलग तरह की गतिविधियों में भाग लेते हैं जिससे उन्हें कई नए कौशल सीखने का मौका भी मिलता है। इसी को ध्यान में रखते हुए बच्चों के लिए स्विमिंग, स्केटिंग, जूडो, डांस, चित्रकला, वैदिक मैथ्स, कर्सिव राइटिंग आदि अनेक प्रकार की गतिविधियां सिखाई जा रही हैं ताकि बच्चे ग्रीष्म अवकाश में अपने हुनर को निखार सके और समय का सदुपयोग कर सकें तथा शिक्षा से हटकर अन्य कौशलो को अपनाकर जीवन में अपना नाम रोशन कर सकें। कैंप का समय प्रातः 7:15 से 10 बजे तक रखा गया है। इस अवसर पर मार्स एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल एवं समस्त निदेशकों ने समर कैंप के प्रथम दिवस पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों को विभिन्न कौशलों को सीखकर अपने मुकाम को हासिल करने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, प्रबंधक विपिन गुप्ता, शिक्षक सुंदरपाल चौहान, सुनीता शुक्ला, जे.कविता, सीमा ठाकुर, शिल्पा बनर्जी, संध्या मिश्रा, नीलकांत यादव,गौतम स्वाइन, सुखुलाल चौधरी, कनिका दास, अंजु चतुर्वेदी, ई.हेमलता सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।




समर कैम्प के शुभारंभ अवसर पर अतिथि के साथ उपस्थित बच्चे।

